गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 कमांक 25 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी,बिलासपुर 495009(छ0ग0)
कार्यालय परीक्षा नियंत्रक
दूरभाष : 07752–260003,260000
ईमेल :controllerofexamsggv@gmail.com वेबसाईट :www.. ggu.ac.in

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya,
(A Central University established by the central universities Act 2009 No.25 of 2009)
Koni, Bilaspur 495009 (G.G.)
Office of the Controller of Examinations
PH No. 07752-260003,260000
Email : controllerofexamsggv@gmail.comWebsite: ggu.ac.in

कमांकः 2025 /परीक्षा/दीक्षांत /2018 बिलासपुर , दिनांकः 31/10/18

प्रति,

सर्व संबंधित छात्र/छात्रायें
(शोधार्थीगण/पदक प्राप्तकर्ता)

विषय :— केन्द्रीय विश्वविद्यालय के सप्तम दीक्षांत समारोह शुक्रवार दिनांक 16.11.2018 के संबंध में पूर्वाभ्यास दिनांक 15.11.2018 एवं समारोह की पूर्व तैयारियों की जानकारी हेतु ।

विश्वविद्यालय का सप्तम दीक्षांत समारोह दिनांक 16.11.2018, दिन शुक्रवार को प्रातः 10.30 बजे से विश्वविद्यालय के रजत जयंती सभागार में आयोजित है। इसी अनुक्रम में समस्त संबंधित उपाधि/पदक प्राप्तकर्ता शोधार्थी/छात्र/छात्रायें कृपया अवगत हों कि दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास दिनांक 15.11.2018 को प्रातः 09.30 बजे से किया जायेगा। अतः उक्त निर्धारित तिथि को कृपया प्रातः 9.00 बजे से निर्धारित स्थल में पूर्वाभ्यास हेतु उपस्थित होने का कष्ट करें।

दीक्षांत समारोह के संबंध में अन्य संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है:—

1. शोधार्थी/पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राएं समारोह दिवस दिनांक 16.11.2018 को प्रातः 09.00 बजे अनिवार्यतः विश्वविद्यालय परिसर के समोराह स्थल में अपनी उपस्थिति देंगे तथा उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने की पुष्टि करेंगे।

2. दिनांक 15.11.2018 को पूर्वाभ्यास के पश्चात् अपरान्ह 04.30 बजे से शोधार्थी एवं पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं को प्रशासनिक भवन में स्थित परीक्षा विभाग की पंजी में दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने की पूर्व पुष्टि एवं सामग्री सही स्थिति में प्राप्ति की पुष्टि करते हुए हस्ताक्षर करना है।

3. परीक्षा विभाग के संबंधित कर्मचारी समारोह में सम्मिलित होने वाले शोध उपाधि प्राप्कर्ताओं एवं पदक प्राप्तकर्ताओं की पृथक–पृथक उपस्थिति पंजी तैयार कर रखेंगे। उपस्थिति पंजी में छात्र/छात्राओं के नाम अध्ययनशालावार उसी तरह से तथा उसी कम से अंकित करेंगे जिस कम में उनका नाम दीक्षांत समारोह की पुस्तिका में अंकित है। छात्र/छात्राओं की समारोह स्थल पर आसन व्यवस्था भी दीक्षांत समारोह की पुस्तिका में अंकित कमानुसार होगी। पदक एवं उपाधियॉ भी इसी कम से रखी जायेगी तथा समारोह में वितरण भी इसी कम में होगा।

4. शोधार्थियों एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं की आसन व्यवस्था रजत जयंती सभागार में अध्ययनशालावार रखी जायेगी।

5. दीक्षांत वेशभूषा प्राप्त करने हेतु प्रत्येक शोधार्थी एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं को रूपये 1500/– (एक हजार पांच सौ रूपये मात्र) बतौर अमानत राशि विश्वविद्यालय में जमा करना होगा, शुल्क ए.टी.एम. (A.T.M.) कार्ड के माध्यम से स्वाईप कराकर जमा करना होगा, किंतु इंटरनेट बैंकिंग से जमा शुल्क पावती भी मान्य होंगी जो समारोह के उपरान्त संबंधित शोधार्थी एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं द्वारा दीक्षांत समारोह वेशभूषा वापस जमा करने पर लौटाई जायेगी। समारोह के समापन के उपरान्त दीक्षांत वेशभूषा उसी स्थान के काऊन्टर पर जमा होगी जिस स्थल पर काऊन्टर से उन्हें वितरित किया गया था।

दीक्षांत वेशभूषा का वितरण दिनांक 29.10..2018 से दिनांक 06.11.2018 तक कार्यालयीन समय में परीक्षा विभाग के उपाधि कक्ष के काऊन्टर से किया जायेगा । इन्हीं तिथियों में शोध उपाधि एवं पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्रायें अपने स्वयं के तथा अपने अभिभावकों के पहचान पत्र परीक्षा विभाग से प्राप्त करेंगे। सुरक्षा कारणों से अभिभावकों के पहचान पत्र हेतु संबंधित छात्र/छात्रायें परीक्षा विभाग में अपने अभिभावकों के 02–02 नग पासपोर्ट साईज का छायाचित्र जमा करेंगे।

6. समारोह दिवस दिनांक 16.11.2018 दिन शुक्रवार को प्रातः 09.00 बजे समस्त आमंत्रित शोधार्थी एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्रायें दीक्षांत वेशभूषा धारण कर अपनी उपस्थिति परीक्षा विभाग के काऊन्टर पर देंगे तथा प्रातः 09.30 बजे तक समारोह स्थल में अनिवार्यतः अपना स्थान ग्रहण करेंगे। कृपया समय का विशेष ध्यान रखा जाये, क्योंकि समारोह के प्रारंभ होने से 01 घंटे पूर्व समस्त आमंत्रित शोधार्थियों एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं को उनकी आसन व्यवस्था एवं दीक्षांत समारोह के संबंध में पुनः विस्तार से निर्देशित किया जायेगा।

7. शोधार्थी एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये गये पत्रों को अपनी पहचान की पुष्टि हेतु साथ में लाना अनिवार्य होगा। शोधार्थी/पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्रायें अपने साथ दो अभिभावकों के साथ समारोह में उपस्थित हो सकते हैं, अभिभावकों के छायाचित्र चस्पा किये गये परिचय पत्र साथ में लाना अनिवार्य है। यदि किसी कारणवश अभिभावकगण को पहचान पत्र प्राप्त नहीं होता है तो वे समारोह तिथि को समारोह प्रारंभ होने के दो घंटे पूर्व तक विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में उपस्थित होकर परीक्षा नियंत्रक/उप कुलसचिव, परीक्षा के हस्ताक्षरों से जारी पहचान पत्र प्राप्त कर सकेंगे।

8. आमंत्रित छात्र/छात्रायें एवं उनके अभिभावकगण अपने साथ किसी प्रकार की सामग्री/सूटकेस/बैग इत्यादि लेकर न आयें, अपवाद स्वरूप बाहर से आने वाले छात्र/छात्रा/अभिभावकगण यदि किसी प्रकार की सामग्री/बैग/सूटकेस इत्यादि लेकर आते है तो इन्हें को प्रशासनिक भवन में सुरक्षित रखने की व्यवस्था रखी गई है। जिन शोध उपाधि/स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता अभ्यर्थियों ने पूर्व में शुल्क एवं आवेदन जमा कर दिए हैं उन्हें पुनः शुल्क एवं आवेदन प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

9. दीक्षांत समारोह से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए निम्न से सम्पर्क किया जा सकता है:–

श्री एच.एन.चौबे, परीक्षा नियंत्रक – 07752–260000, 260003, 260401

डॉ. संपूर्णानन्द झा – उपकुलसचिव (परीक्षा) 07752–260000, 260003

श्री टी.पी.सिंह, सहायक कुलसचिव (अकादमिक)– 07752–260342, 260490, मो. 9424169003

कृपया निर्धारित दिनांक 15.11.2018 को प्रातः 9.30 बजे से आयोजित पूर्वाभ्यास एवं दीक्षांत समारोह दिनांक 16.11.2018 को आप सभी आमंत्रित है ।

आदेशानुसार

**परीक्षा नियंत्रक ( कार्यवाहक )**

कमांकः 2026/परीक्षा/दीक्षांत/2018 बिलासपुर, दिनांक : 31/10/18

**प्रतिलिपि :–**

01. विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष (प्रशासनिक एवं शैक्षणिक)/समस्त अधिकारीगण/दीक्षांत समारोह हेतु गठित समितियों के समन्वयक एवं सदस्यगण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
02. वित्ताधिकारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ एवं शुल्क जमा/वापसी कराने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
03. सहायक कुलसचिव, प्रशासन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
04. मीडिया प्रभारी की ओर सूचनार्थ एवं समाचार पत्रों में प्रकाशन की व्यवस्था हेतु प्रेषित ।
05. समन्वयक, आई.टी.सेल को इस अनुरोध के साथ अग्रेषित की कृपया इस सूचना पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाईट में प्रदर्शित कराने की व्यवस्था हेतु संबंधितों को निर्देशित करना चाहें।
06. कार्यालय प्रति ।

**उप–कुलसचिव ( परीक्षा )**